प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.02.2026
समय : 01:00 पी.एम.

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि पर्यटन उद्योग संस्कृतियों तथा आर्थिक अवसरों के बीच एक सेतु का काम करता है। आज नई दिल्ली में अमरीका – भारत स्ट्रेटीज़िक पार्टनरशिप फोरम टूरिज़्म लीडरशिप समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन सौहार्दपूर्ण कूटनीति का सशक्त माध्यम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज पर्यटक पर्यावरण अनुकूल पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और विरासत, स्वास्थय वर्धक अनुभव तथा लोगों के साथ सार्थक संपर्क चाहते हैं। कार्यक्रम में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन, संस्कृति और साझा मानवीय आकांक्षाओं का उत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और पर्यटन इसका केंद्र बना हुआ है। श्री शेखावत ने कहा कि देश का पर्यटन तंत्र शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आजीविका का स्रोत है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अमरीका से लगभग 18 लाख पर्यटक भारत आए थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला होती है। आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के बारे में श्री कुमार ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और अपात्र मतदाताओं को सूची से बाहर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के साथ–साथ इसे मतदाताओं के लिए सुलभ और आसान बनाना भी जरूरी है। निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया बिहार से शुरू होकर 12 राज्यों में चलाई गई, जिनमें से 11 राज्यों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की इस्राइल यात्रा पर कल रवाना होंगे। तेल अवीव में प्रधानमंत्री इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद श्री मोदी यरुशलम में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा पर कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और इज़राइल एकमत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट के समय दोनों देश एक–दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि श्री नेतन्याहू के साथ वार्ता के अलावा, श्री मोदी इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से भी भेंट करेंगे। श्री मोदी इस्राइल की संसद को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज राज्यविधानसभा में हां पक्ष लॉबी में सदन की रणनीति को लेकर भाजपा विधायकों के साथ चर्चा की। इस दौरान श्री शर्मा ने आगामी विधायी कार्यो और जनहित से जुडे मुद्दों पर विचार विमर्श किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने बताया कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन–कल्याण के संकल्प को सिद्ध करने के लिए पूरी सजगता के साथ सदन में जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए तत्पर है। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित किया गया है। श्री शर्मा का आज अजमेर दौरे का भी कार्यक्रम है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा के मद्‌देनजर की जा रही विभिन्न तैयारियों का जायजा लेंगे। इस दौरान मुख्य सचिव वी श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा भी उनके साथ होंगे।

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। सदन में आज ऊर्जा और खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद पारित करवाया जायेगा। इससे

पहले विधानसभा में विधायक अमित चाचाण, शत्रुघन गौतम और अशोक कुमार कौठारी विभिन्न विषयों पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी रखेंगे।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज एशियन लैक्रोस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे दल से मुलाकात की। मुख्यमत्री आवास पर हुई इस भेंट पर श्री शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये उपलब्धि गर्वित करने वाली है, जिससे प्रदेश का मान बढा है।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर मौसम का मिजाज बदला और तापमान में उतार चढाव के बीच हल्की बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर संभाग में चौमूं, वनस्थली और दौसा में लालासोट तथा खेडली में हल्की बारिश हुई। वहीं बाडमेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके अलावा चित्तौडगढ, जैसलमेर और बीकानेर में भी अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार रहा।